Daily COVID-19 Updates

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का भाजपा के 40वें स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं से कोरोना वायरस के संबंध में संबोधन के प्रमुख बिंदु

- हमारी पार्टी का स्थापना दिवस, एक ऐसे कालखंड में आया है, जब देश ही नहीं, पूरी दुनिया, एक मुश्किल वक्त से गुजर रही है। चुनौतियों से भरा ये वातावरण देश की सेवा के लिए, हमारे संस्कार, हमारे समर्पण, हमारी प्रतिबद्धता को और प्रशस्त करता है.

- श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जी, अटल बिहारी वाजपेजी जी जैसे अनगिनत महानुभावों ने राष्ट्र प्रथम का आदर्श दिया है। आज भी हमारे बीच अनेक वरिष्ठ महानुभाव हैं, जिन्होंने इसी मंत्र को लेकर दशकों तक जिया है और हमें शिक्षा दी है.

- कोरोना वैश्विक महामारी से निपटने के लिए भारत के अबतक के प्रयासों ने दुनिया के सामने एक अलग ही उदाहरण प्रस्तुत किया है। भारत दुनिया के उन देशों में है जिसने कोरोना वायरस की गंभीरता को समझा और और समय रहते इसके खिलाफ एक व्यापक जंग की शुरुआत की.

- भारत ने एक के बाद एक अनेक निर्णय किए, उन फैसलों को जमीन पर उतारने के भरसक प्रयास किया। सभी सरकारों को साथ लेकर आगे बढ़ने में काई कमी न रहे इसकी चिंता की.

- हर स्तर पर एक बाद एक प्रोएक्टिव होकर भारत ने कई फैसले लिए। राज्य सरकारों के सहयोग से इन फैसलों को गति भी मिली। भारत ने जिस तेजी और समग्रता से काम किया है। उसकी प्रसंशा सिर्फ भारत ने ही नहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी की है.

- तमाम देश एकजुट होकर कोरोना का मुकाबला करें, इसके लिए सार्क देशों की विशेष बैठक हो या G-20 देशों का विशेष सम्मेलन, भारत ने इन सारे आयोजनों में अहम भूमिका निभाई है.

- हमारे शास्त्रों में कई महत्वपूर्ण बातें कही गईं हैं। हमारे वहां कहा गया है। समानो मंत्र: समिति: समानी। समानम् मनः सह चित्तम् एषाम्। यानि हमारे विचार, हमारे संकल्प और हमारे हृदय एकजुट होने चाहिए.

- भारत जैसा इतना बड़ा देश, 130 करोड़ लोगों का ये देश, लॉकडाउन के समय भारत की जनता ने जिस तरह की maturity दिखाई है, गांभीर्य दिखाया है, वो अभूतपूर्व है। कोई कल्पना नहीं कर सकता था कि इतने विशाल देश में, लोग इस तरह अनुशासन और सेवा भाव का पालन करेंगे.

- कल भी, रात को 9 बजे, हमने 130 करोड़ देशवासियों की सामूहिक शक्ति के दर्शन किए हैं। हर वर्ग, हर आयु के लोग, अमीर गरीब, पढ़ा-लिखा हो, अनपढ़ हो, सभी ने मिलकर, एकजुटता की इस ताकत को नमन किया, कोरोना के खिलाफ लड़ाई का अपना संकल्प और मजबूत किया.

- आज देश का लक्ष्य एक है, मिशन एक है, और संकल्प एक है- कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ाई में जीत.

- ये लंबी लड़ाई है, न थकना है, न हारना है। लंबी लड़ाई के बाद भी जीतना है। विजयी होकर निकलना है। आज देश का लक्ष्य एक है, मिशन एक है, और संकल्प एक है- कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ाई में जीत.

- इसे एक तरह से आप मेरे पंच-आग्रह मान सकते हैं। इसमें पहला आग्रह है, गरीबों को राशन के लिए अविरत सेवा अभियान। दूसरा आग्रह है कि

अपने साथ ही आप 5-7 अन्य लोगों के लिए फेस-कवर बनवाएं और उनका वितरण करें.

- तीसरा आग्रह है, धन्यवाद अभियान के लिए। पार्टी ने पांच अलग-अलग वर्ग बनाए हैं। पहला वर्ग - नर्सेस और डॉक्टर्स हों, दूसरा वर्ग - सफाई कर्मचारी, तीसरा वर्ग - पुलिसकर्मी, चौथा वर्ग- बैंक और पोस्ट ऑफिस के कर्मचारी, पांचवां वर्ग- आवश्यक सेवाओं में जुटे हुए सभी कर्मचारी.

- कोरोना के खिलाफ लड़ाई में मदद करने के लिए एक 'आरोग्य सेतु ऐप' विकसित किया गया है। मेरा चौथा आग्रह है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसकी जानकारी दें और कम से कम 40 लोगों के मोबाइल में ये ऐप इंस्टॉल भी करवाएं.

- लाखों लोग PM-CARES फंड में दान कर रहे हैं। मेरा पांचवां आग्रह है कि इसमें प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को खुद भी सहयोग करना है और 40 अन्य लोगों से भी PM-CARES फंड में सहयोग करने के लिए प्रेरित करना है.

- आज पूरी दुनिया के लिए एक ही मंत्र है- सोशल डिस्टेंसिंग और अनुशासन का पूरा पालन करना। मुझे उम्मीद है कि भाजपा का हर कार्यकर्ता खुद की रक्षा करते हुए, अपने परिवार को भी सुरक्षित करेगा और इसे देश को भी सुरक्षित करेगा। इसी सिद्धांत पर हमें चलना है.

- पीएम मोदी के भाजपा कार्यकर्ताओं से पंच-आग्रह. गरीबों को राशन देने के लिए अविरत सेवा करें। फेस कवर जरूर पहनें और वितरित करें। सेवा करने वालों का आभार व्यक्त करें। आरोग्य सेतु ऐप का उपयोग करें और करवाएं। PM-CARES फंड में सहयोग करें और 40 अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

पीएम श्री नरेन्द्र मोदी जी के भाजपा के 40वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं से पंच-आग्रह

World Health Organization

India Fights Corona (Updates)

- Coronavirus Lockdown के दौरान अब तक पूरे भारत में 16.94 लाख मीट्रिक टन अनाज पहुँचाया गया है। 13 राज्यों में 1.3 लाख मीट्रिक टन गेहूं और 8 राज्यों में 1.32 लाख मीट्रिक टन चावल बांटा गया है: लव अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्रालय

- हमने 25,000 तबलीगी जमात कार्यकर्ताओं और उनके संपर्कों को क्वारंटाइन कर दिया है, हरियाणा के 5 गाँव जहाँ वे गए थे उन्हें भी सील कर दिया गया है: पुण्य सलिला श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव, गृह मंत्रालय (MHA)

- पिछले 24 घंटों में 693 नए COVID19 मामले सामने आए हैं, जिसमें भारत में मामलों की कुल संख्या 4067 हो गई है, जिसमें से 1445 मामले तबलीगी

जमात से संबंधित हैं। पुरुषों में 76 प्रतिशत और महिलाओं में 24 प्रतिशत मामले सामने आए हैं: लव अग्रवाल, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य मंत्रालय

- COVID19 से मौतों की संख्या 109 है। कल कोरोना से 30 लोग मारे गए। 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में 63 प्रतिशत मौतें हुई हैं, 40 से 60 वर्ष की आयु वर्ग में 30 प्रतिशत और 7 प्रतिशत 40 वर्ष से कम आयु में 7 प्रतिशत है: लव अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्रालय

- पिछले 13 दिनों में भारतीय रेलवे ने 1340 वैगनों के माध्यम से चीनी, 958 वैगनों के माध्यम से नमक और 316 वैगनों / टैंकों के माध्यम से खाद्य तेल का परिवहन किया: लव अग्रवाल, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य मंत्रालय

- 22 नए कोरोना वायरस पॉजिटिव मामले आज सामने आए, जिससे राज्य में कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या 288 हो गई है: राजस्थान स्वास्थ्य विभाग

- तबलीकी जमात के कार्यक्रम में भाग लेने वाले 12 व्यक्तियों ने अपनी पहचान छुपाई। इसमें 8 चम्बा जिले से और 4 शिमला से हैं।इस सबके खिलाफ IPC की धारा 188, 269, 270 और आपदा प्रबंधन अधिनियम के अंतर्गत अभियोग दर्ज किए गए हैं:डा. खुशहाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक,कानून एवं व्यवस्था,हिमाचल प्रदेश

- कैबिनेट ने भारत में COVID19 के प्रतिकूल प्रभाव के प्रबंधन के लिए 2020-21 और 2021-22 के लिए सांसदों को मिलने वाले MPLAD फंड को अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। 2 साल के लिए MPLAD फंड के 7900 करोड़ रुपए का उपयोग भारत की संचित निधि में किया जाएगा: प्रकाश जावड़ेकर

- राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यों के राज्यपालों ने स्वेच्छा से सामाजिक ज़िम्मेदारी के रूप में वेतन कटौती का फैसला किया है। यह धनराशि भारत के समेकित कोष में जाएगा पैसा: केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संसद अधिनियम, 1954 के सदस्यों के वेतन, भत्ते और पेंशन में संशोधन के अध्यादेश को मंजूरी दे दी। 1 अप्रैल, 2020 से एक साल के लिए भत्ते और पेंशन को 30% तक कम किया जाएगा।

- लखनऊ के युवा वैज्ञानिक मिलिंद राज ने समाज कल्याण के लिए एंटी-कोरोना ड्रोन का आविष्कार किया, मिलिंद:ये एरियल डिसइंफेक्टेड टेक्नोलॉजी है जिससे इंसान को उस क्षेत्र में नहीं जाना पड़ेगा बल्कि उनका काम ये कर देगी।मेटल में72घंटे तक वायरस रहता है उसको डिसइंफेक्ट करने के लिए बनाया है।

- पंजाब सरकार ने Coronavirus Pandemic के मद्देनजर गेहूं की खरीद को व्यवस्थित तरीके से करने के लिए खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ाकर लगभग 4000 कर दी है। किसानों को विशिष्ट तिथि पर गेहूं बेचने के लिए पास प्रदान किए जाएंगे: राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री भारत भूषण आशु

- असम में पिछले 24 घंटों में कोई COVID19 का कोई नया मामला सामने नहीं आया है:हिमंत बिस्वा सरमा

- भारतीय वायु सेना के सार्जेंट जो तबलीगी जमात इवेंट के दौरान निज़ामुद्दीन क्षेत्र में था। उनका प्रारंभिक कोरोना वायरस टेस्ट नेगेटिव आया है। प्रोटोकॉल के अनुसार उनके अधिक टेस्ट किए जा सकते हैं। उन्हें एहतियात के तौर पर क्वारंटाइन किया गया: भारतीय वायु सेना के अधिकारी

- पीएम ने संदेश दिया कि भारत सरकार यात्रा प्रतिबंधों के कारण भारत में फंसे ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों को आवश्यक सुविधा और सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। पीएम मॉरिसन ने आश्वासन दिया कि ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय को ऑस्ट्रेलियाई समाज जितना महत्व दिया जाएगा।

- मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सहकारी बैंकों को फसलों एवं कृषि के लिए किसानों द्वारा लिए ऋण के भुगतान के लिए 3महीने की समयावधि बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में लगभग 3लाख 50हजार किसानों ने विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण लिया है: उत्तराखंड मुख्यमंत्री कार्यालय

- आंध्र प्रदेश में आज 37 नए COVID19 पॉजिटिव मामले सामने आए, जिसके बाद राज्य में कुल पॉजिटिव केस 303 हो गए हैं: आंध्र प्रदेश स्वास्थ्य विभाग

- अब तक पंजाब में COVID19 पॉजिटिव रोगियों की कुल संख्या 79 है, 7 की मौत हुई है: पंजाब स्वास्थ्य विभाग

- हमने पड़ोसी राज्यों के ऐसे लोगों के लिए अपनी सीमाएँ खोल दी हैं, जिन्हें केरल में चिकित्सा सुविधाओं की आवश्यकता है। कर्नाटक के बैराकुप्पे से 29 लोगों ने वायनाड में और तमिलनाडु से 44 लोगों ने चिकित्सा सुविधाओं का इस्तेमाल किया है: केरल सीएम पिनाराई विजयन

- राज्य में 13 नए COVID19 मामले सामने आए जिनमें कासरगोड में 9, मलप्पुरम में 2, पथानामथिट्टा में 1 और कोल्लम में 1 नया मामला शामिल है; राज्य में कुल पॉजिटिव मामले अब 327 हो गए हैं: केरल सीएम पिनाराई विजयन

- महाराष्ट्र में 57 नए COVID19 मामले सामने आए हैं, मुंबई में आज 4 मौतें हुई हैं; मुंबई में कुल मामले 490 हैं। मुंबई में अभी तक 34 मौते हुई हैं; 5 व्यक्तियों को ठीक होने के बाद आज छुट्टी दे दी गई, कुल 59 व्यक्तियों को अब तक छुट्टी दे दी गई: स्वास्थ्य विभाग, मुंबई

COVID-19 Updates (Worldwide)

- Novel Coronavirus killed 70,009 people across the globe, 50,215 are in Europe. Italy leads the global death toll with 15,877 fatalities, followed by Spain with 13,055, #USA with 9,648 and France with 8,078. : AIR

- Singapore announces an additional budget of 3.5 billion US dollar to support jobs and mitigate the impact of Coronavirus Pandemic on the country's economy.

- US conducted 1.6 million Corona Virus tests in nation: President Donald Trump

- Pakistan: Coronavirus cases reach 3,277, Ministry of National Health Services says 50 patients have died so far

- COVID19: British PM Boris Johnson admitted to London hospital for tests after he showed persistent symptoms of Corona Virus even 10 days after testing positive for the disease.

- COVID19: China reports 39 new Corona Virus cases

- UN Secretary General Antonio Guterres urges governments around the world to consider protecting women as part of their response to deadly novel Corona Virus Pandemic.

- Japan prepares for state of emergency over virus: AFP

- Japanese Prime Minister Shinzo Abe said Monday the government plans to declare a state of emergency and proposed a stimulus package worth $1 trillion as new coronavirus infections spike in Tokyo and elsewhere. : AFP

- The Argentine government has ordered people to stay at home until mid-April, but thousands have literally nowhere to go -- for them "home" is the street. – AFP

कोरोना वायरस पर केन्द्रित आलेखों के प्रमुख बिंदु



दुनिया में तबाही मचाने वाले कोरोना की रफ्तार भारत में थमेगी, जानिए हम कैसे जीतेंगे जंग

आज पूरी दुनिया एक महामारी के दौर से गुजर रही है। वर्ष 1918 के स्पेनिश फ्लू के एक सदी बाद दुनिया एक ऐसे मोड़ पर आकर खड़ी हुई है, जहां अमेरिका, इटली, फ्रांस, स्पेन, जर्मनी और कनाडा जैसे विकसित देशों के लोग भी लगभग असहाय स्थिति में पहुंच चुके हैं। दुनिया भर में दस लाख लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने के साथ ही साठ हजार से भी ज्यादा लोग अपनी जान से हाथ धो चुके हैं। चीन के वुहान शहर में सबसे पहले दिखा। हालांकि चीन ने पूरे प्रांत में तालाबंदी करते हुए इस वायरस पर लगभग विजय पा ली है, लेकिन उसके बाद बड़े-बड़े देश इस वायरस की चपेट में बुरी तरह फंस चुके हैं। चीन में हालांकि इस वायरस से 81,500 लोग संक्रमित हुए और 3,300 लोग जान गंवा चुके हैं, जबकि इटली में इस रोग से संक्रमित होने वालों की संख्या एक लाख तक पहुंच चुकी है और मरने वालों की संख्या बारह हजार तक पहुंच चुकी है।

Source: https://www.jagran.com/editorial/apnibaat-the-speed-of-corona-causing-havoc-in-the-world-will-stop-in-india-jagran-special-20169073.html

Coronavirus अपनी जगह है, तब्लीगी जमात के प्रपंच से कैसे बचेगा भारत?

गैर-मुसलमानों को इस्लाम (Islam) से जोड़ने और मुसलमानों को सच्चा मुसलमान (Muslims) बनाने के नाम पर कट्टरपंथ के रास्ते पर चलने की शिक्षा देने वाले तबलीग़ी जमात (Tablighi Jamaat) ने भारत की कोरोना वायरस (Coronavirus) के खिलाफ जारी जंग को भारी क्षति पहुंचाई है. सच पूछा जाए तो इन्होंने देश को एक बड़े संकट में डाल दिया है. अब इस कठिन हालातों से देश कैसे निकलेगा यह एक अब बड़ा सवाल है. जब कोरोना के कारण काबा बंद हो गया, मक्का मदीना बंद हो गये, ईसाइयों का तीर्थ स्थल वेटिकन सिटी पर ताले लग गए, मंदिर, मस्जिद गुरूद्वारे बंद हो गए, तब्लीगी जमात दिल्ली के निजामउद्दीन (Nizamuddin) इलाके में हजारों देशी-विदेशी मौलानाओं को इकट्ठा कर अपना जलसा कर रहे थे.

अब इनके हक में दलीलें देने वाले जरा यह तो बताएं कि क्या इन्हें इतनी भी समझ नहीं थी कि जब पूरे विश्व में कोरोना का प्रकोप है और जब देश लॉक डाउन और सोशल डिस्टेनसिंग के दौर से गुजर रहा है, तब ये बेशर्मी से यह सम्मेलन क्यों कर रहे थे.इसके पीछे साजिश क्या थी. भले ही कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि यह सही नहीं है कि तब्लीगी जमात ने भारत में कोरोना के खिलाफ लड़ाई को कमजोर करने की साजिश की.

Source: https://www.ichowk.in/politics/tablighi-jamaat-is-bigger-threat-than-coronavirus-in-india/story/1/17251.html

INDIA FIGHTS CORONA

IIT-Roorkee has developed a low-cost portable ventilator that can be useful in the fight against COVID-19. The ventilator named ''Prana-Vayu'' has been developed in collaboration with AIIMS, Rishikesh.

Wives of CRPF jawans in Bengaluru are preparing masks, aprons & necessary items to ensure there is no stone left unturned in our fight against COVID19.

RSS Swayamsevaks distributing essentials to the needy people during ‘Lockdown’

Help us to help you
my GOV
मेरी सरकार
RAILWAYS CONVERTS 2,500 COACHES INTO QUARANTINE WARDS
40,000 isolation beds are now ready for COVID-19 patients
On average, 375 coaches are being converted per day
The work is being carried out at 133 locations in the country
These coaches are equipped as per medical advisories issued

Aarogya Setu
मैं सुरक्षित | हम सुरक्षित | भारत सुरक्षित
Reached
One Crore Indians
Thank you India
for your support
Let's multiply our fight!
Download Today
Download on the
App Store
Available on the
Google Play
Government Of India